For immediate release

प्रेस विज्ञप्ति

देशभर के 500 अस्पतालों को 'ईट राइट कैंपस' का मिला दर्जा, स्वस्थ एवं सुरक्षित खान-पान को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली, 14 फरवरी, 2024: देश भर के 500 से अधिक अस्पतालों को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा 'ईट राइट कैंपस' के रूप में प्रमाणित किया गया है। यह पहल एफएसएसएआई के ईट राइट इंडिया आंदोलन के हिस्से के रूप में अस्पतालों सहित विभिन्न संस्थानों और कार्यस्थलों के भीतर सुरक्षित, स्वस्थ और टिकाऊ खाद्य वातावरण बनाने पर केंद्रित है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य सेवा उद्योग के भीतर एक आदर्श बदलाव का प्रतीक है, जिसमें न केवल चिकित्सा देखभाल को प्राथमिकता दी गई है, बल्कि कर्मचारियों और आगंतुकों की भलाई को बढ़ावा देने में स्वस्थ भोजन विकल्पों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी मान्यता दी गई है।

उल्लेखनीय है कि इन प्रमाणित अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में 100 सरकारी अस्पताल हैं, जो उदाहरण के तौर पर अग्रणी हैं और सभी के लिए सुरक्षित और पौष्टिक भोजन की पहुंच सुनिश्चित कर रहे हैं। "ईट राइट कैंपस" पहल को व्यापक रूप से अपनाना, अपने कर्मचारियों और आगंतुकों की भलाई के लिए बेहतर खाद्य सुरक्षा और टिकाऊ प्रथाओं के प्रति अस्पतालों की सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

एसएनएम हॉस्पिटल लेह, बैंगलोर बैपटिस्ट हॉस्पिटल और मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल और टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल जैसे संस्थान भी इस बदलाव का नेतृत्व कर रहे हैं, जिन्होंने इस पहल को अपनाया है। वहीं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दिल्ली के फोर्टिस अस्पताल, बीएलके मैक्स अस्पताल और लोक नायक अस्पताल से लेकर दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल में कलिम्पोंग अस्पताल और वाराणसी, उत्तर प्रदेश में जिला महिला अस्पताल से लेकर देश भर के 50 से अधिक सदर/जिला अस्पतालों तक ने इस पहल को अपनाया है। देश में, ईट राइट कैंपस के रूप में प्रमाणित होने की मान्यता विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

एफएसएसएआई ने ईट राइट इंडिया आंदोलन के तहत 'ईट राइट कैंपस' प्रमाणन कार्यक्रम के लिए कठोर मानदंड और एक व्यापक मूल्यांकन प्रक्रिया स्थापित की है, जिसे 2019 में सुरक्षित, एवं स्वस्थ भोजन सभी भारतीयों के लिए सुनिश्चित करने के लिए देश के खाद्य पारिस्थितिकी तंत्र को बदलने के बड़े पैमाने पर प्रयास के रूप में शुरू किया गया था।

ईट राइट कैंपस बनने के लिए चार प्रमुख मापदंडों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए अस्पतालों को गहन ऑडिट से गुजरना पड़ता है, जिसमें खाद्य सुरक्षा उपाय, स्वस्थ भोजन के प्रावधान को सुनिश्चित करने के लिए कदम और सूचित भोजन विकल्प चुनने के लिए व्यक्तियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के प्रयास शामिल हैं।

एफएसएसएआई, राष्ट्रव्यापी 'ईट राइट इंडिया' आंदोलन का नेतृत्व करते हुए, अपनी 'ईट राइट कैंपस' पहल के माध्यम से कार्यस्थलों में स्वस्थ भोजन की आदतों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। देश भर में 2,900 से अधिक कार्यस्थलों को अब ईट राइट कैंपस के रूप में मान्यता दी गई है, जिससे इन परिसरों में काम करने वाले हजारों लोगों के जीवन में बदलाव आ रहा है।

यह पहल न केवल प्रमाणित परिसरों के कद और सार्वजनिक धारणा को बढ़ाती है, बल्कि दूसरों के लिए भी इसी तरह की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने और कर्मचारी स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए एक प्रेरणा के रूप में काम करती है।